लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 20 August 2023

## NBT PAGE 9

### शैक्षिक शोध में विभाजन पर दी जानकारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के शिक्षा शास्त्र विभाग में शनिवार को शैक्षिक शोध में विभाजन विषय पर व्याख्यान हुआ। इसमें महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, मोतीहारी (बिहार) के शैक्षिक अध्ययन विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि शोधार्थी को अपने शोध विषय के चयन में बहुविध चिंतन का उपयोग करना चाहिए। शोधार्थी एक ही दिशा में सोचेंगे तो प्रासंगिक शोध विषय का उचित चयन करना संभव नहीं हो पाएगा। कार्यक्रम में एलयू के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. दिनेश कुमार, प्रो.मुनेश कुमार, डॉ. सुमित गंगवार, डॉ. संजय सिंह यादव, डॉ. बीना इन्द्राणी और डॉ. देवेन्द्र कुमार यादव ने भी अपने विचार साझा किए।

### कांट की पुस्तक पर हुई चर्चा

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान माला में शनिवार को कांट की पुस्तक क्रिटिक ऑफ प्योर रीजन पर प्रो. राकेश चंद्रा ने बुद्धि के बारह विकल्प, सेल्फ नोइंग के बारे में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से चर्चा की। सत्र के अंत में प्रतिभागियों के सवालों के उत्तर दिए। इस मौके पर डॉ. राजेश्वर यादव समेत शिक्षक और स्टूडेंट मौजूद रहे।

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलएलबी में प्रवेश को सत्यापन कल से

लखनऊ। एलयू में एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का अभिलेख सत्यापन 21 व 22 अगस्त को नवीन परिसर स्थित विधि संकाय में होगा। इसी तरह बीबीए टूरिज्म का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी सोमवार को होगा। जिन अभ्यर्थियों ने सीट आवंटन के बाद फीस जमा कर दी है वह विभाग में उपस्थित होकर अपने सभी प्रपत्रों का भौतिक सत्यापन कर सकते हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### आवेदन 22 तक

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक तीसरे, पांचवें, सातवें सेमेस्टर तथा बीफार्मा तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के अंतःवासी छात्र-छात्राओं को सत्र 2023-24 में हास्टल के पुनः आवंटन के लिए 22 अगस्त तक आवेदन करना होगा। यह आवेदन लवि की वेबसाइट पर एचएमएस पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### एलएलबी ऑनर्स में कल होगा प्रपत्रों का सत्यापन

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी ऑनर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की सोमवार को जांच होगी। अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रपत्रों के साथ पहुंचना होगा।

### हॉस्टल के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार : बी-टेक तीसरे, पांचवें, सातवें सेमेस्टर, बी-फार्मा तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के छात्र- छात्राएं हॉस्टल पुन : आवंटन के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एचएमएस पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 22 अगस्त है।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### हॉस्टल आवंटन के लिए मांगे आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने हॉस्टल आवंटन के लिए सत्र 2023-24 के लिए बी टेक तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर तथा बी फार्मा तीसरे और पांचवे सेमेस्टर के छात्रों से आवेदन मांगे है। अंतःवासी छात्र- छात्राएं हॉस्टल पुनःआवंटन के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एचएमएस पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। इसकी अंतिम तिथि 22 अगस्त, 2023 है।

## TOI PAGE 3

### 10 BSc self-fin seats get LU approval

Lucknow University approved 10 self-finance seats in BSc Biochemistry during a finance committee meeting held on Saturday. So far LU offered only 25 regular seats at Rs 15,620 per semester.